Title: **Need to implement the report of Industry Commission in Bihar and Jharkhand.**

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, जब बिहार और झारखंड का बंटवारा नहीं हुआ था उसी समय वहां के औद्योगिक पिछड़ेपन को देखते हुए एक कमीशन की स्थापना की गई थी। उसके अध्यक्ष मशहूर उद्योग जगत के विशोज्ञ जे.जे. इरानी थे। दूसरे विशोज्ञ तथा उच्च अधिकारी उसके सदस्य थे। इस समिति ने अपनी रिपोर्ट दे दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बिहार में टूरिज्म को बढ़ाने की बहुत संभावनाएं हैं। उससे करीब 3 लाख 71 हजार लोगों को रोजगार मिल सकते हैं। उस कमीशन की रिपोर्ट जो भारत सरकार के पास जमा की गई है, वह उसकी छानबीन करे और पर्याप्त मदद दे। टूरिज्म फाइनेन्स कारपोरेशन ऑफ इंडिया इसकी जांच-पड़ताल करके पर्याप्त मदद दे। वहां भगवान बुद्ध और भगवान महावीर से संबंधित स्थलों का विकास करके उसे अन्तर्राट्रीय दर्जा दिलाए। उस कमीशन की रिपोर्ट को कार्यान्वित करने के लिए भारत सरकार राज्य सरकार की पर्याप्त मदद करे।